# प्रेस नोट थाना कांट

# जनपद शाहजहाँपुर पुलिस

**सराहनीय कार्य दिनांक – 23/10/2025**

## थाना कांट पुलिस की बड़ी कार्रवाई — हत्या की वारदात में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, आला कत्ल (डंडा) बरामद।

## "थाना कांट पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0- 449/25 धारा 103(1)/3(5) BNS में हत्या की घटना को अन्जाम देने वाले अभियुक्त को किया गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय के सतत मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन एवं श्रीमान क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना कांट के नेतृत्व में थाना कांट पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत *मु0अ0सं0 449/25 धारा 103(1)/3(5) BNS बनाम रिजवान आदि* में नामजद एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है।

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

उक्त प्रकरण दिनांक 21.10.2025 को वादिनी **जोगवती पत्नी भैरव निवासी ग्राम सफ्तयारा थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर** की लिखित तहरीर के आधार पर पंजीकृत किया गया था, जिसमें वादिनी के पुत्र **ओमकार** को अभियुक्तगण **रिजवान पुत्र जाबिर, जाबिर पुत्र सफीक, कदीर अली पुत्र सफीक एवं समीर पुत्र सफी निवासीगण ग्राम सफ्तयारा थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर** द्वारा लाठी-डंडों से घेरकर हत्या करने की घटना अंकित की गई थी। अभियोग की विवेचना प्रभारी निरीक्षक **श्री राकेश कुमार मौर्य** द्वारा सम्पादित की जा रही है। दौराने विवेचना यह तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक ओमकार ने लगभग 05 वर्ष पूर्व अभियुक्त रिजवान की बहन को भगा ले गया था, जिसके संबंध में *मु0अ0सं0 435/19 धारा 363/366 भादवि* पंजीकृत किया गया था। उक्त प्रकरण में अभियुक्त ओमकार के विरुद्ध आरोप पत्र *संख्या 367/19 दिनांक 13.08.2019* को माननीय न्यायालय प्रेषित किया जा चुका था। इसी पुरानी रंजिश के कारण अभियुक्तगण द्वारा उपरोक्त हत्या की घटना कारित किए जाने के तथ्य साक्ष्यों के आधार पर पुष्ट हुए हैं। घटना के उपरांत अभियुक्तगण फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी हेतु थाना स्तर पर पुलिस टीम गठित कर लगातार प्रयास किए जा रहे थे। थाना कांट पुलिस टीम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप आज दिनांक **23.10.2025** को समय करीब 02.30 बजे ददरौल मोड, चौकी पिपरौला थाना काँट जनपद शाहजहाँपुर से नामजद अभियुक्त **रिजवान पुत्र जाबिर निवासी ग्राम सफ्तयारा थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर** को गिरफ्तार कर लिया गया है। विवेचना के दौरान अभियुक्त रिजवान उपरोक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त **डंडा** बरामद किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। शेष अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

रिजवान पुत्र जाबिर निवासी ग्राम सफत्यारा थाना काँट जनपद शाहजहाँपुर ।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण**

मु0अ0सं0 449/25 धारा 103(1)/3(5) BNS, थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर ।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनाँक –**

दिनाँक 23.10.2025  व समय करीब 02.30 बजे,ददरौल मोड, चौकी पिपरौला थाना काँट जनपद शाहजहाँपुर।

**बरामदगी का विवरण–**

घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 1 अदद डंडा

**अभियुक्त रिजवान पुत्र जाबिर का आपराधिक इतिहास –**

मु0अ0सं0 449/25 धारा 103(1)/3(5) BNS, थाना कांट जनपद शाहजहाँपुर।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण**

प्रभारी निरीक्षक श्री राकेश कुमार मौर्य

निरीक्षक अपराध श्री दिगम्बर सिंह

उ0नि0 श्री घनश्याम बहादुर

हे0का0 147 अशोक भदौरिया

का0 सुभाष चन्द्र